दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन | भारत सरकार से रजिस्टर्ड | हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 75 मुरादाबाद, 04 July 2023 (Tuesday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

KNLS Live

सम्पर्क करे:-9027776991

न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में

न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दाम में


## सीएम योगी ने जनता दर्शन में सुनीं 400 लोगों की समस्याएं, बोले- चिंता मत करिए, हम कराएंगे कार्रवाई



दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सभी लोगों को अपनेपन के एहसास से भरोसा दिया कि सबकी समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूजन की नाथ पंथ की विशिष्ट आनुष्ठानिक व्यस्तता के बावजूद मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने जनसेवा की परंपरा में रूकावट नहीं आने दी। गुरु पूर्णिमा की पूजा के बाद उन्होंने जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी आमजन को चिंता करने की जरूरत नहीं है। सभी को न्याय, जरूरतमंद को मदद और बीमारों के इलाज में कोई रुकावट नहीं आएगी। गोरखनाथ मंदिर में सोमवार सुबह आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वस्त किया कि बिल्कुल चिंता मत करिए। हर समस्या पर हम प्रभावी कार्रवाई कराएंगे। उन्होंने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उनका संतुष्टिपरक समाधान कराएं। साथ ही जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए।गोरखनाथ मंदिर में दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 400 लोगों से मुलाकात की। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे और समस्या सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। उनकी बात इत्मीनान से सुनने के बाद पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपा और निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। अपराध से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। जन स्वास्थ्य की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है। जनता दर्शन में अपने परिजनों के साथ आए बच्चों को भी मुख्यमंत्री ने खूब दुलारा। उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और चॉकलेट के साथ खूब पढ़ने, आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

## चंद्रशेखर को गले लगा आजम खां ने पूछा हाल, बंद कमरे में की गुफ्तगू, सपा नेता बोले-हमला योगी सरकार की नाकामी



सपा नेता आजम खां अपने बेटे अब्दुल्ला आजम के साथ भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उनकी बंद कमरे में काफी देर तक गुफ्तगू हुई। उधर, भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर खुद पर हुए हमले को लेकर पुलिस द्वारा किए गए खुलासे से संतुष्ट नहीं हैं। उनका कहना है कि उन्हें पिस्टल की गोली लगी है, जबकि तमंचा बरामद दिखाया गया है।भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर पर हमले के बाद रविवार की शाम सपा नेता आजम खां अपने बेटे अब्दुल्ला आजम के साथ उनके आवास पर कुशलक्षेम लेने पहुंचे। करीब 20 मिनट तक उन्होंने बंद कमरे में चंद्रशेखर से गुफ्तगू की। इस दौरान बेहद नजदीकी लोग ही उनके साथ मौजूद रहे।कस्बे की हरिजन कॉलोनी गली नंबर दो स्थित आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के आवास पर शाम करीब पौने पांच बजे पहुंचे प्रदेश सरकार के पूर्व काबीना मंत्री एवं सपा के दिग्गज नेता मो. आजम खां ने कमरे में पहुंचते ही चंद्रशेखर आजाद को गले लगाकर उनका हालचाल जाना। उनसे हमले के घटनाक्रम और स्वास्थ्य सहित अन्य बातों की जानकारी ली। अब्दुल्ला आजम ने भी चंद्रशेखर आजाद से हाथ मिलाया और कुशलक्षेम पूछी। इस दौरान उनके साथ रामपुर से लोक सभा चुनाव लड़ चुके सैयद आसीम रजा, पूर्व विधायक रुचिवीरा, बेहट विधायक उमर अली खान, सरफराज खान, राव सम्मून, नवाजिश खान, चंद्रशेखर यादव आदि मौजूद रहे। इसके बाद आजम खां और चंद्रशेखर आजाद ने बाहर आकर पत्रकार वार्ता की। फिर वे दिवंगत पूर्व सांसद राशिद मसूद के परिजनों से मिलने के लिए सहारनपुर रवाना हो गए।

### खुलासे से संतुष्ट नहीं चंद्रशेखर, सीबीआई जांच की मांग

भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर खुद पर हुए हमले को लेकर पुलिस द्वारा किए गए खुलासे से संतुष्ट नहीं हैं। उनका कहना है कि उन्हें पिस्टल की गोली लगी है, जबकि तमंचा बरामद दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि हमले की जांच सीबीआई से कराई जाए ताकि यह साफ हो सके कि हमले की साजिश में कौन शामिल है। कहीं हमलावरों को सत्ता का संरक्षण तो प्राप्त नहीं है। कस्बा स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर ने कहा कि वे पुलिस को सही खुलासे के लिए पर्याप्त समय दे रहे हैं।

पुलिस ईमानदारी के साथ इस बात का पता लगाए कि हमलावरों को किसने फिरौती दी है। उन्होंने कहा कि साजिश के तहत ही हमलावरों ने कार गुर्जर बहुल गांव मिरगपुर में खड़ी की थी ताकि जातीय टकराव हो जाए। कहा कि भीम आर्मी के कार्यकर्ता अपने स्तर से भी जानकारी जुटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे पुलिस से अपील करते हैं हमलावरों के परिजनों को उनके कृत्य की सजा ना दी जाए। उन्होंने कहा कि वे इस हमले से डरे नहीं है बल्कि और ज्यादा मजबूत हुए हैं। चंद्रशेखर ने कहा कि किसी भी समाज की महिलाओं के साथ अत्याचार होगा तो वे बोलेंगे। भले ही कोई कितनी भी गोलियां चलाए, वे डरने वाले नहीं हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक द्वारा मित्र बताने तथा सुरक्षा प्रदान करने के बयान पर उनका कहना था कि प्रदेश सरकार यदि इतनी चिंतित होती तो उन पर हमला ही नहीं होता। जबकि जिस जगह उन पर हमला हुआ है, वहां से चंद कदम की दूरी पर पुलिस पिकेट मौजूद थी।

### चंद्रशेखर पर हमला प्रदेश सरकार की नाकामी


चंद्रशेखर के साथ पत्रकार वार्ता में मौजूद सपा के कद्दावर नेता मो. आजम खां ने कहा कि चंद्रशेखर पर हुआ जानलेवा हमला प्रदेश सरकार की नाकामी है। यह प्रदेश की बिगड़ी कानून व्यवस्था का सबूत है। सरकार यह सुनिश्चित करे कि किसी भी सूरत में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो। उन्होंने कहा कि जो भी हुआ बेहद बुरा हुआ है।

चंद्रशेखर आजाद संघर्षशील युवा नेता हैं। जिनकी आवाज को दबाने के लिए तरह तरह की साजिशें रची जा रही हैं। प्रदेश सरकार इस हमले की गहराई तक जाकर जांच कराए ताकि हमले के पीछे के लोग बेनकाब हो सकें।

### दूसरे राज्यों से भी मिलने पहुंचे समर्थक

भरतपुर की रैली के बाद शनिवार की रात दो बजे चंद्रशेखर आजाद अपने आवास पहुंच गए थे। रविवार की सुबह से ही उनसे मिलने वालों का तांता लगा रहा। पड़ोसी राज्यों हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, राजस्थान, दिल्ली से बड़ी संख्या में समर्थक मिलने पहुंचे। दिन भर समर्थकों और कार्यकर्ताओं का रैला हरिजन कॉलोनी स्थित आवास पर उमड़ा रहा।

## राष्ट्रीय पुरुष आयोग के गठन की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार



यह याचिका वकील महेश कुमार तिवारी द्वारा दायर की गई है। याचिका में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की देश में दुर्घटनावश होने वाली मौतों के आंकड़ों का हवाला दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय पुरुष आयोग के गठन को लेकर दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। इस याचिका में कोर्ट से घरेलू हिंसा का शिकार हुए पुरुषों के आत्महत्या से जुड़े मामलों से निपटने के लिए गाइडलाइंस बनाने और आयोग के गठन की मांग की गई थी । हालांकि, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस दीपांकर दत्ता ने इस मामले को सुनने से ही इनकार कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से कहा, 卐आप सिर्फ एकतरफा तस्वीर पेश करना चाहते हैं। क्या आप हमें शादी के बाद जान गंवाने वाली युवा लड़कियों का आंकड़ा दे सकते हैं। कोई भी सुसाइड नहीं करना चाहता। यह अलग-अलग मामलों में तथ्यों पर आधारित बात है।यह याचिका वकील महेश कुमार तिवारी की ओर से दायर की गई थी। याचिका में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की देश में दुर्घटनावश होने वाली मौतों के आंकड़ों का हवाला दिया गया।

### शादीशुदा पुरुषों के चौंकाने वाले आत्महत्या के आंकड़े

एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2021 में देश में 1,64,033 लोगों ने आत्महत्या की। याचिका में कहा गया है कि आत्महत्या करने वाले लोगों में से 81,063 पुरुष थे और 28,680 महिलाएं थी। याचिका के अनुसार, साल 2021 में 33.2 प्रतिशत पुरुषों ने पारिवारिक समस्याओं के चलते आत्महत्या की। वहीं महिलाओं में ये आंकड़ा 4.8 प्रतिशत है।याचिका में मांग की गई थी कि घरेलू हिंसा के शिकार पुरुषों की शिकायतों पर कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई है।

## यूपी में भी होगा महाराष्ट्र जैसा सियासी खेल, ओमप्रकाश राजभर का दावा- सपा में होगी बड़ी टूट



कहते हैं कि सियासत मौके का खेल है और जो मौकों को भुना लेता है, वही सबसे बड़ा खिलाड़ी होता है। महाराष्ट्र में राजनीतिक घटनाक्रम इतनी तेजी से बदला कि किसी को इसकी कानोंकान खबर तक नहीं हुई। इसी बीच सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने दावा किया कि यूपी में भी महाराष्ट्र जैसा सियासी खेल होगा। महाराष्ट्र जैसा सियासी उठापठक उत्तर प्रदेश में भी होने जा रहा है। सपा (समाजवादी पार्टी) के कई विधायक और सांसद जल्द पाला बदलने वाले हैं। यह दावा किया है सुभासपा के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने। सोमवार को वाराणसी स्थित सुभासपा कार्यालय में न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत करते हुए ओपी राजभर ने कहा कि यूपी सरकार का विस्तार होगा तो सूबे की राजनीति में खेल होगा। यहां भी वही खेल होगा जो महाराष्ट्र में हुआ है।दावा किया कि सपा के कई विधायक यूपी सरकार में शामिल होना चाहते हैं। वहीं कई लोग लोकसभा टिकट के लिए दिल्ली की दौड़ लगा रहे हैं। कहा कि अखिलेश यादव के रवैये से सपा के विधायक और सांसद नाराज हैं। वो अपना भविष्य समाजवादी पार्टी में नहीं देख रहे हैं। ओमप्रकाश राजभर ने इसका कारण भी बताया।बसपा के साथ गठबंधन को तैयार सुभासपा-सुभासपा अध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश यादव तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर से मिलने जा रहे हैं लेकिन वो बसपा प्रमुख मायावती से नहीं मिल रहे। बसपा और मायावती उत्तर प्रदेश में गेमचेंजर हैं।ओपी राजभर ने आगे कहा कि अगर मायावती तैयार होती हैं तो सुभासपा बसपा के साथ गठबंधन के लिए तैयार है। इसके साथ ही राजभर ने दावा किया कांग्रेस भी मायावती के साथ गठबंधन करना चाहती है। 2024 में हमलोग नया तीसरा मोर्चा बनाएंगे।

### अब सपा के साथ नहीं रहा मुस्लिम वोट बैंक

एक सवाल के जवाब में ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सपा की ताकत घटी है। अब मुसलमान वोट चार खेमे में बंट गया है। भाजपा को भी मुस्लिम वोट मिलने लगा है। अब वो समय खत्म हो गया जब मुस्लिम वोट बैंक सपा के साथ था। अब यह भाजपा, सपा, बसपा और कांग्रेस में बंट गया है। जब सत्ता रही

समाजवादी पार्टी की मुसलमान को सीएम तो क्या डिप्टी सीएम भी नहीं बनाया। सपा चार बार सत्ता में आई लेकिन मुस्लिम समाज को उनका हक नहीं मिला। अब समाजवादी पार्टी किस मुंह से मुस्लिम समाज स वोट मांगेगी। राजभर ने दावा किया कि आजादी के बाद 38 फीसदी मुसलमान सरकारी नौकरी में था। तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा ने इतना विकास किया कि आज की तारीख में एक फीसदी लोग भी सरकारी नौकरी में नहीं हैं। आप जब नौकरी देने और हिस्सेदारी देने में मुस्लिम समाज की उपेक्षा करोगे तो वोट की आस कैसे करोगो। सपा से हर वर्ग नाराज है।

## संपादकीय Editorial

### Forest land became the web of life

Once again the mountain is fighting with its own definition. The means of the mountain have been tied so much with the chains of the Forest Conservation Act that now even states like Himachal have to think that how much water, how much forest and how much land is needed for the future. Some natural questions of Himachal that can be asked are mountains not land? Isn't the mountain life? Will being in the mountain just remain living in the list of laws. If the population needs trees, then it also needs a path to walk and a field to play. If the income of the plain states is increasing due to urbanization, industrialization, connectivity or construction of modern infrastructure, then how long will the hill states like Himachal be held hostage. The latest example is about the will power trapped in the periphery of the Shimla Development Plan, which is seeing the new shape of Himachal's capital under Vision 2041. The city is seeing the current population of 2.5 lakhs reaching about 6.25 lakhs in the next decades. In such a situation, not only is there a difference between the eyes of NGT and the eyes of development, but the Forest Conservation Act is turning a blind eye to the expanding scope of civil society. In the next few years, not only every city of Himachal, but also every village has to be spread. Obviously then this development will create many pressures in the civil society's psyche, which will have to be addressed now. The Shimla development project is waiting for these resolutions, before listening to which it is accepted, it will have to rub its head in front of the NGT. However, with the initial relief received from the Supreme Court, now the reason for getting relief is getting confirmed.

In the midst of many such objections, the meaning of the mountain has started moaning or this state, fed up with the restrictions in the practicality of living, has now started searching for new options. In this regard, the statement of Agriculture Minister Chandra Kumar is reading the meaning of the future. According to the minister, the government, as part of a proposal, wants to take back from the Center the traditional grasslands or pastures stuck in the forest land, so that livestock in the low-lying areas can get abundant fodder. It is not so long ago that village animals used to gather together to regularly search for their food in the common pastures. If Himachal has to generate resources through dairy, then the pastures will have to be freed from the forests. Unfortunately, in the game of Jungle-Jungle, Himachal accepted the auspicious. Because of this, every step of development is stuck in the forest, while now even the means of living have gone under the control of forest land. The extent is that even if a cremation ground is to be built, many dead have to be punished till permission is obtained. It is also surprising that the state has to carry a heavy staff for the management of forests and this department is proving to be only a part of extracting Meen Mekh. Full definition of four smart poles of street lights and smart roads under the Dharamshala Smart City project. If only the Forest Department is obstructing, then somewhere this department is also heavy on democracy. If the state is licking its teeth by giving 70 percent of its land to the forest or in return we are getting stray animals and wild animals, then it is becoming a problem for the progress of the state and civil rights. Without taking back the land from the forests, the structure of Himachal's economic upliftment will not be complete, nor will there be a sense of happiness in the lives of the civil society. Undoubtedly, Himachal will have to face the challenges of environmental balance, geographical conditions and climate change through its forests, uld come under forests.

# The Magical World of World Cinema: The Expanse of Malaysian Cinema and Shadow Play

Indian films have been influenced by Malaysia. The first film in Malaya language was 'Laila Majnu'. Animation films started being made here with the fourth Prime Minister Dr. Mahathir Mohamad as he was in favor of information and communication technology. About 200 animation films were produced in Malaysia during 20 years, 1995-2015. Prior to 1963, Malaysia was named Malaya or British Malaya. It gained independence in 1957 and became first the Federation of Malaya and then renamed Malaysia. Cinemas and cinema-goers are often referred to as 'panguang wayang' in Malaysia. Here pangung means theatre, stage and even audience and wayang means traditional puppet theatre. Wayang is also spoken by connecting it with 'Gamber', which means picture, painting, photo means movie. Malaysian films are not talked about prominently in world cinema. It is hardly mentioned anywhere. Cinema in Malaysia has its roots in shadow-drama and theatre, which have always been abundant here. Shadow theatre, like films, uses a white screen. Like silent cinema, sound and music are used separately in shadow-drama. In the era of silent films, the instrumentalists used to sit in front of the screen and the audience and play piano-band etc., dialogue-music is given from behind even in puppet-shadow drama. However, this all changed as soon as cinema became a reality. For this reason, the actors here did not face much difficulty in converting to become cine-actors and many of them went on to become cine-directors as well. The first-ever film screening in Malaysia took place in 1897 at the Alhambra Theater Hall in Singapore, which was screened by Robert William Paul of Britain. In which a series of short films were shown. Later the audience here saw 'Cinderella and Her Glass Slipper', 'Mesmerism and Wonderful Dream Life Passion of Christ', and Edwin S. Also saw Porter's 'The Great Train Robbery'. By 1913 there were about 14 theaters in the Malaya Peninsula. In 1929 there were 35 theaters in sixteen cities and 10-12 theaters were common in smaller towns. India's influence on Malaysian films- Indian films have been influenced by Malaysia. The first film in Malaya language was 'Laila Majnu'. It happened in 1933 but it was not only the people of Malaya who built it. Apart from Malaya, the people of Indonesia were also involved in making it. Most of these people were associated with one or the other traditional art. That's why he had basic knowledge of stagecraft, expression and acting. Later the film was made several times with the same name. This was the influence of India. In India too, the film 'Laila Majnu' has been made many times. In the forties there were 'Mutiara' (Pearl), 'Bermadu' (Polygamy), Topeng Shaitan' (Mask of the Goddess), 'Hanchur Hati' (Heart Broea), 'Ibu Tiri' (Stepmother), 'Tiga Kekasih' (Three Lovers) and 'Terang Bulan De Malaya' (Full Moon in Malaya) were made. When Japan occupied Malaya in 1941-1945, many propaganda films were made here. Among these films like 'March to Singapore', 'A Night in China' etc. are prominent. At the same time, 'Tokyo Symphony' was made on the lines of Chaplin's 'City Lights' and don't know how it was even allowed to be shown. In the 1950s, a gradual change began to take place in Malaya films, mainly due to the local people coming forward in the direction of cinema-direction. These people started making more realistic and desirable films. They were raising issues related to the life of Malaysians. Commenting on modern civilization. At this time many people were leaving Malaysia and migrating to Singapore in search of employment and were moving away from their roots, their tradition, their culture. Malaya films of this period were raising these things in their films. At the same time 'Wistful Read' became B. S. Rajhans and starred Indonesian artist Sharif Medan. It is Malaysia's first color film. The films of the sixties were mainly comedies. The 'She-Vampire' film series was also made at the same time, but the film 'Grandson of Lord Merah' made at the same time was of a different nature. In the seventies 'Love and Song' became a musical film. Animation films in the 90s - Animation films started being made here with the fourth Prime Minister Dr. Mahathir Mohamad as he was in favor of information and communication technology. Around 200 animation films were produced in Malaysia during 20 years, 1995-2015. These films were also seen outside the country. The animation film 'Gang: The Adventure Begins' did well at the box office. Apart from Malaysia, it was also seen in Indonesia, Singapore, India. Directed by Nizam Rajak, the film takes place in the jungles of Malaysia where some youths and children come in contact with creatures from another dimension. Malaysian film director, screenwriter and actor Edman bin Mohd Saleh, better known as Edman Saleh, has made only three films so far, with Beauty of the Night about a brother's search for his sister, 'Amok' shows 'yellow culture' i.e. decadent behavior with tradition. He made both these films in the last century. In this century he made 'Paloh' (2003, Paloh Town). The film shares the anxious, troubled experiences of a young man during World War II. At this time Japan has occupied the country. The film shows for the first time a sympathetic attitude towards the Chinese man. Chinese man who lost his peace of mind in turmoil Tha is It is a film ahead of its time. At that time, many viewers did not understand the flashback and would leave without watching the entire film. Raja Ahmed Alauddin also made 'The Heart is not a Crystal' in 1990, 'Valley of Vengeance' in 1996 in the last century and made 'Kaisi and Laila' (The Lovers) in 2005 and 'Kayangan' (Fantasy) in 2007 . At the same time the director of television commercials, C.L. Hor also entered the film world and made the film 'The Third Generation' in Chinese language in 2008. The film tells that the accumulated wealth of the family will not reach the third generation. It was he who made the Kungfu action film 'Kinta'. In 2010, another action film 'The Gift' was made here. Hizmuddin Rice made a rebellious film 'From Jemapoh to Manchester' in 2001, giving a voice to the youth of Malaysia to take charge of their own lives and not be controlled by Malay culture or politics here. If we look, we will find that the cine-history of Malaysia is continuously developing.

# Kasauti: A Democrat's Desire to Judge the Head of Government and the Prospects of Future Historians

Future historians will probably record that PV Narasimha Rao, Atal Bihari Vajpayee and Manmohan Singh were better prime ministers than Indira Gandhi, Rajiv Gandhi and Narendra Modi. Not necessarily because he was a scholar of the latter three. I wrote an article for a Delhi magazine a few months before the 2009 general elections, in which I listed four things I hoped would happen in India. can reinvigorate the democratic process. First, I wanted a Congress that was not entirely indebted to dynasties. Second, I wanted a BJP that would disassociate itself from the RSS and its idea of a Hindu Rashtra. Third, I wished for a unified and reform-oriented Left, completely free of violence, as well as giving up its idea of state control over the economy. And lastly, I wished to form a new party that was based on the aspirations of an expanding middle class, open to all irrespective of caste or religion, and advance policies that would similarly favor any particular group. Do not be sect or ethnic group oriented. Fifteen years and three general elections later, it is humbly an attempt to see how far this wish list is from reality. The Congress finally has a non-Gandhi president, but the family still has strong family control over the party. In fact, soon after becoming the Congress President, Mallikarjun Kharge joined the Bharat Jodo Yatra and said that Rahul Gandhi could be the next Prime Minister of India. The visit prompted the creation of the handle 'Rahul for PM' in social media; It gained further momentum after the victory of the Congress in the Karnataka assembly elections. Of course, there has been some strange dissent in party circles and sometimes an alternative Congress candidate for prime ministership has been put forward and that is Rahul's sister, Priyanka Gandhi. As far as the Bharatiya Janata Party is concerned, Far from distancing itself from the RSS and Hindutva, it has come under its grip more and more firmly.

The fact that there is not a single Muslim among its more than 300 MPs in the Lok Sabha speaks volumes about its overarching philosophy towards minorities in general and Muslims in particular, which is to treat them as equal citizens of this land. does not. The rewriting of textbooks and the creation of new academic curricula are other manifestations of the majoritarian mindset of the ruling party. During the rule of NDA-I between 1998 and 2004, the policies and programs of the government were not untouched by the influence of Hindutva. While these effects were relatively minor, since the NDA came to power at the Center for the second time in 2014, they have become more pronounced. With the growing influence of Hindutva ideology, the BJP has increasingly become hostage to a personality cult. In the past the party had explicitly shunned 'persona worship' to differentiate itself from Indira Gandhi's Congress. However, that restraint has now been abandoned and MPs and cabinet ministers are competing with each other in sycophantic praise of Prime Minister Narendra Modi. This fusion of religious majoritarianism and personality cult was evident in the inauguration ceremony of the new building of the Parliament, in real as well as symbolic form. In this, where the President and the Vice President were absent, the celebrations were coordinated in such a way that even the cabinet ministers were hardly visible. It was intended to showcase a single individual, with obliging priests providing the occasion with a Hindutva platform. Members of his party and the extended Sangh Parivar elevated the prime minister to the status of a Hindu emperor. Now let's talk about Left. This element of Indian politics also did not improve itself as this writer had expected. Instead of coming forward and embracing multi-party democracy, the Naxalites are continuing their rampant acts of violence in the districts under their influence. As far as the parliamentary Left is concerned, in the one state they are in power, Kerala, they have made no significant change in their approach to governance. High HDI should be a magnet for private investment from outside; However, this is not the case here, as the CPI(M) still supports the state-controlled approach to the economy. Fourth on my wish list fifteen years ago was the formation of a new party. With the advent of the Aam Aadmi Party on the Indian political stage in 2012, this wish was fulfilled in principle. However, you did not bring any major change in practical terms. While it has a good record in providing public education and healthcare in Delhi, it also has negatives on its balance sheet, such as the creation of a cult around Arvind Kejriwal and the party's refusal to stand up for the oppressed minorities. Now not even a year is left for the next general election. I'd like to offer another wish list, which will be smaller than last time. I want that no single party should get majority in the Lok Sabha; In fact the largest party should be substantially behind the majority. Our current Prime Minister is authoritarian in nature, a sinister aspect of his personality reinforced by the two consecutive majorities his party has won in general elections.

# विधायक हाजी नासिर कुरैशी के बेटे ने चार लोगों के खिलाफ दर्ज कराया केस, मारपीट व धमकी देने का है आरोप




मुरादाबाद-मुरादाबाद देहात से विधायक हाजी नासिर कुरैशी के बेटे मोहम्मद आमिर कुरैशी ने मारपीट के आरोप में गलशहीद थाने पर रविवार रात समीर, उसकी दो बहनें और मां के विरुद्ध केस दर्ज करा दिया है। इसमें लंगड़े की पुलिया असालतपुरा के आरोप में समीर और उसका भाई, दो बहने और मां पर मारपीट का आरोप लगाया है।विधायक पुत्र का आरोप है कि उनके मोहल्ले का समीर कई दिनों से अश्लील हरकतें कर रहा है। उन्होंने और मोहल्ले के लोगों ने उसे समझाया भी लेकिन, वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। धीरे धीरे कर समीर उनसे रंजिश रखने लगा और देर रात तक उनके कार्यालय एवं घर के बाहर कई लोगों को लेकर खड़ा हो रहा है, यह सब लोग अश्लील हरकत करते हैं। इसी क्रम में 30 जून की रात और 1 जुलाई के दिन की घटना का उल्लेख करते हुए विधायक पुत्र का आरोप है कि वह अपने कार्यालय से घर जा रहे थे तो समीर उनके घर के सामने हाथ में थैला लिए खड़ा था एल। उन्होंने उसे टोका और इतनी रात में घर के बाहर खड़ा होने के बारे में पूछा तो समीर चिल्ला कर कहा कि मैं आज तुम्हारी विधायक की निकाल दूंगा। मोहम्मद आमिर कुरैशी ने पुलिस को बताया है कि जैसे ही उन्होंने समीर को टोका उसने शोर मचाकर अपने भाई और परिवार के लोगों को बुला लिया। फिर अपने भाई से कहा कि जल्दी बम का थैला ले आओ, इनका काम तमाम कर देंगे।

विधायक पुत्र को जान से मारने की नियत से फायर करने का आरोप- विधायक पुत्र ने पुलिस से बताया है कि समीर ने उनके ऊपर जान से मारने की नियत से फायर भी किया। हालांकि वह भागकर अपने घर घुस गए, इससे उनकी जान बच गई। लेकिन, कुछ देर बाद ही समीर व उसका भाई, दो बहने और मां उनके घर में घुस आए और गाली गलौज की। जान से मारने की धमकी दी, कहा हम तुम्हें और तुम्हारे परिवार को जान से मारने देंगे, विधायकी भी खत्म करा देंगे। विधायक के बेटे ने पुलिस को बताया है कि जब हमलावर विपक्षी उन्हें घर में घुस आए तो उन्होंने शोर मचाया और मोहल्ले की कुछ लोगों ने आकर बीच भराव किया। फिलहाल विपक्षियों ने जान से मारने की और घर को बम से उड़ाने की भी धमकी दी है।

### विधायक पुत्र को जान से मारने वह घर को बम से उड़ाने की धमकी

विधायक पुत्र मोहम्मद आमिर कुरैशी ने पुलिस को यह भी बताया है उनके मोबाइल पर दो बार कॉल कर समीर ने जान से मार देने और घर को बम से उड़ा देने की धमकी दी है। अमित कुरैशी ने कहा है कि इस तरह की धमकी से वह और उनका परिवार डरा और सहमा है। उनके व परिवार के साथ कोई भी अपनी घटना हो सकती है।

# सड़क दुर्घटनाओं में औसतन प्रत्येक दिन खत्म हो रही एक जिंदगी, प्रबंध बौने साबित

मुरादाबाद-ब्लैक स्पॉट पर सुधार वाले कार्य भी फाइलों में, कम खर्च वाले छिटपुट बचाव काम भी नहीं कराए गए सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवा कर लोग अपनों का साथ छोड़ रहे हैं। हालांकि, लगभग हर माह जिलाधिकारी जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में हादसों को रोकने के उपायों पर चर्चा करते हैं। मंडलायुक्त भी मंडलीय बैठक में दुर्घटनाओं को कम करने के लिए अधिकारियों को निर्देश देते हैं। लेकिन, जिले में इन निर्देशों का असर नहीं दिख रहा। पूर्व की बैठक में जो निर्देश दिए गए, अमूमन वही निर्देश अगली बैठक में भी दिए जा रहे हैं। इस वर्ष पांच माह में 204 घटनाएं हुईं हैं, जिसमें 138 लोगों को जान गंवानी पड़ी। 178 लोग उपचार के बाद घर लौटे। मुरादाबाद में औसतन प्रत्येक दिन एक आदमी की मौत हुई है। कुछ वर्षों के आंकड़े बता रहे हैं कि जिले में साल-दर-साल दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। मृतकों-घायलों के आंकड़ों में भी वृद्धि हो रही है। ऐसा तब है जब एमवी एक्ट, यातायात नियमों में सुधार के दावे किए गए हैं। लोडेड वाहन और ट्रैक्टर-ट्राली से यात्राओं को रोका गया है। हां, उन स्थानों पर विशेष बल नहीं दिया जा रहा है जहां ब्लैक स्पॉट व डिवाइडर पर अवैध कट हैं। यही वजह है कि न तो सड़क दुर्घटनाएं कम हो रही हैं।

**वर्ष वार सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति**

| वर्ष | हादसे | मृतक | घायल |
|---|---|---|---|
| 2018 | 587 | 286 | 510 |
| 2019 | 628 | 340 | 495 |
| 2020 | 443 | 266 | 356 |
| 2021 | 463 | 257 | 355 |
| 2022 | 549 | 328 | 475 |
| 2023 | 204 | 138 | 178 |
| योग | 2,874 | 1,605 | 2,369 |

स्रोत : यातायात पुलिस।

### पीडब्ल्यूडी के मार्गों पर ब्लैक स्पॉट

स्टेट हाईवे-43 कोहिनूर तिराहा, स्टेट हाईवे-148 जटपुरा, ताहरपुर, डींगरपुर, महमूदपुर माफी और एमडीआर डूंगरपुर, ओडीआर रामगंगा नदी पुल व दलपतपुर चौराहा।

### एनएचएआई के मार्गों पर ब्लैक स्पॉट

नेशनल हाईवे-734 रामपुर दोहरा, बरेली नेशनल हाईवे जीरो प्वाइंट, नेशनल हाईवे-09 सिहोरा बाजे, गणेश घाट रामपुर बार्डर, पुराना टोल प्लाजा चंदौसी कट, नेशनल हाईवे-509 हाथीपुर व नानपुर, नेशनल हाईवे-734 पर जलालपुर, जटपुरा।

### ब्लैक स्पॉट सुधार के उपाय

कोहिनूर तिराहा के चौड़ीकरण के लिए मुख्य अभियंता ने 4.75 करोड़ 69 हजार रुपये का मांग पत्र भेजा है। महमूदपुर माफी और ताहरपुर ब्लैक स्पॉट सुधार के लिए पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड-प्रथम ने 23 जून को ही अधीक्षण अभियंता को एस्टीमेट भेजा है। दलपतपुर चौराहा ब्लैक स्पॉट सुधार के लिए मुख्य अभियंता ने लखनऊ कार्यालय में एस्टीमेट भेज रखा है।सड़क पर अब छुट्टा पशु नहीं दिखते हैं। छुट्टा पशुओं को गोशाला में संरक्षित कराया गया है। पालक अपने पशुओं को छोड़ देते हैं, उनके विरुद्ध कार्रवाई भी कर रहे हैं। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के निर्देशों का अनुपालन न करने वालों के विरुद्ध हम बहुत प्रभावी कार्रवाई कर रहे हैं। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रयास हो रहे हैं।- शैलेंद्र कुमार सिंह, जिलाधिकारी

दूसरों की जिंदगी के लिए खतरा बनने वालों पर कराएंगे एफआईआर

सड़क दुर्घटनाओं के संबंध में मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह का कहना है कि दुर्घटना रोकने के प्रयास किए गए हैं। इससे दुर्घटनाओं में कमी आई है। दुर्घटनाओं को रोकने के उपाय करने में बजट की प्रत्याशा है। बजट पास होने में थोड़ा समय लगता है। अतिरिक्त बजट की उम्मीद न कर लोकल संसाधन से काम कर रहे हैं। वाहनों की ओवर स्पीड को कंट्रोल करेंगे। नगर निगम के महापौर से दो डिवाइस स्पीड नियंत्रण व एक वैन के लिए अनुरोध किया है। कहा, ठाकुरद्वारा रोड पर भी बहुत गड्ढे हैं। इस मार्ग पर भोजपुर में हाल ही में दो दुर्घटनाएं हुई हैं।

# 400 क्यूसेक पानी छोड़ने से रामगंगा-गागन का जलस्तर बढ़ा, प्रशासन सतर्क



मुरादाबाद- पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में भारी बारिश होने से जिले की नदियों में भी पानी का प्रवाह तेज हुआ है। हालांकि हरिद्वार में गंगा के जलस्तर में कमी से रामगंगा नदी मुरादाबाद में भी घटते क्रम में है। लेकिन रामगंगा नदी का कालागढ़ और गागन का जलस्तर बढ़ते क्रम में है। कालागढ़ में 400 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है। इसे देखते हुए जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण नदियों के जलस्तर पर नजर बनाए हुए है। राहत के लिए बाढ़ चौकी व शरणालयों की व्यवस्था की निगरानी बढ़ा दी गई है। रविवार को रामगंगा नदी का कटघर रेलवे पुल के पास जलस्तर उतार के क्रम में रहा। यहां पानी चेतावनी स्तर 190.60 मीटर की तुलना में 187.93 मीटर रहा। जबकि रामगंगा नदी कालागढ़ में 400 क्यूसेक डिस्चार्ज होने से जलस्तर 333.35 मीटर रहा। जो चेतावनी स्तर 366.30 मीटर से 32.95 मीटर कम है। जबकि गागन नदी का मुरादाबाद में जलस्तर चेतावनी लेवल से सिर्फ 2.55 मीटर ही नीचे है। जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण की ओर से जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए 34 बाढ़ चौकी, 22 बाढ़ शरणालयों में व्यवस्था की जानकारी ली जा रही है। नदियों का जलस्तर पता किया जा रहा है। फिलहाल जिले में सभी तटबंध सुरक्षित बताया जा रहा है। रविवार को न्यूनतम तापमान 23 और अधिकतम 31 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह 8.47 मिलीमीटर बारिश हुई। बारिश कम होने से बाढ़ बचाव के उपाय करने में प्रशासनिक टीम को आसानी हुई। जिला आपदा विशेषज्ञ पंकज मिश्र ने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर में आपदा प्रबंध प्राधिकरण में बाढ़ नियंत्रण कक्ष से नदियों के जलस्तर की रिपोर्ट लेकर संबंधित तहसील क्षेत्र के उप जिलाधिकारी और तहसीलदार को भेजा जा रहा है।

इसके अनुसार उन्हें अपने तहसील क्षेत्र में व्यवस्था रखने की सलाह दी जा रही है। उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर में बाढ़ कंट्रोल रूम के नंबर 0591-2412728 और मोबाइल नंबर 9454416867 व टोल फ्री नंबर 1077 पर सूचना का आदान प्रदान किया जा सकता है। जिला मुख्यालय के अलावा तहसील स्तर पर भी बाढ़ कंट्रोल रूम सक्रिय है। सदर तहसील में 0591-2971370, कांठ में 0591-2974411, बिलारी में 0591-270011 और ठाकुरद्वारा में 0591-2241231 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# दहेज उत्पीड़न : ससुराल से बेदखल होकर कुछ बेटियां मौत को लगा रहीं गले, कई न्याय की आस में भटक रहीं

**महिला थाने में दर्ज मामले**

| वर्ष | मामले |
|---|---|
| 2019 | 56 |
| 2020 | 122 |
| 2021 | 182 |
| 2022 | 72 |

**इस वर्ष दर्ज हुए केस**

| माह | मामले |
|---|---|
| जनवरी | एक |
| फरवरी | दो |
| मार्च | शून्य |
| अप्रैल | शून्य |
| मई | एक |
| जून | आठ |
| जुलाई | एक |
| कुल | 12 |

मुरादाबाद-ससुराल में महिलाओं की सुरक्षा और स्वाभिमान को बनाए रखने के उद्देश्य से दहेज निषेध अधिनियम, 1961 लागू है। मगर हर दिन कोई न कोई बेटी दहेज उत्पीड़न का शिकार हो रही है। ससुराल की चौखट से बिटिया थाना-कोतवाली में पहुंचकर मदद की गुहार लगाने को विवश हैं। अभी तीन माह पहले ही उपासना का विवाह हुआ था। लेकिन, उसके ससुराल वालों ने दहेज के लिए उसे प्रताड़ित किया और मारपीट कर उसे मायके जाने को मजबूर कर दिया। अब वह मायके में रहकर बिलख रही है। माता-पिता को दुखी देखकर वह और अधिक विचलित हो रही है। मदद के लिए थाने का दरवाजा खटखटाया है। वैसे दहेज का दंश झेलने वाली उपासना इस समाज में अकेली नहीं है। काफी संख्या में बेटियां दहेज उत्पीड़न झेल रही हैं। कई ने तो ससुराल छोड़ दी तो किसी को ससुराल वालों ने पीटकर मायके खदेड़ दिया। कुछ ने मौत को गले लगाया तो कई ने जीवन से समझौता कर ससुराल के ताने सुनने की आदत बना ली। बेटियां ससुराल में कितने दंश झेल रही हैं, इसका बखान करना मुश्किल है लेकिन, सवाल यह है कि आज कानून प्रभावी है, शिक्षा का स्तर उठा है। इंटरनेट के युग में समाज के बीच से पुरानी कुप्रथाओं का अभाव हुआ है, फिर भी दहेज उत्पीड़न को न तो रोका जा सका है न ही कम हुआ।

प्रकरण-1 - अलबीना शेख सराय की अक्सानूर ने पति हम्माद नईम व ससुर हाजी मोहम्मद नईम समेत पांच लोगों के विरुद्ध मामली दर्ज कराया। उसकी शादी एक होटल में आठ मार्च 2019 को हुआ था। उसका दावा है कि इस दौरान 20-25 लाख रुपये भी पिता ने खर्च किए थे। लेकिन दहेज से नाखुश ससुराल वाले अतिरिक्त 35 लाख रुपये और कार मांगने लगे। इस बीच विवाहिता ने बेटे को जन्म भी दिया था। मांग पूरी नहीं हुई तो पीटकर बच्चे समेत उसे ससुराल वालों ने 17 अक्टूबर 2022 को घर से खदेड़ दिया। विवश होकर उसने 16 जून को ही ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

प्रकरण-2 - सिविल लाइंस क्षेत्र में नौगजा की जियारत के पास की सपना ने महिला थाने में आठ जून को ही पति कमल सिंह, ससुर कृष्ण गोपाल, सास माया देवी, तीन देवर व ननद के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न के आरोप में मामला दर्ज कराया। उसकी ससुराल अमरोहा में डिडौली क्षेत्र के नन्हेडा राजपूत गांव में है। उसका विवाह 21 मई 2021 में ही हुआ था। विवाह के बाद ससुराल वाले उसको 10 रुपये और इतनी ही कीमत के भूखंड के लिए परेशान करने लगे। उसको पीटकर घर के कमरे में बंद कर दिया। सूचना पाकर मायके वाले यूपी डयल-112 पुलिस संग बिटिया की ससुराल पहुंचे लेकिन, बात नहीं बनी।

प्रकरण-3 - मूंढापांडे के भदासना की मनीषा ने 12 जनवरी को पति भाष्कर सिंह, जेठ अमित सिंह, सास उर्मिला समेत पांच के विरुद्ध महिला थाने में केस दर्ज कराया। उसकी ससुराल संभल में बनियाठेर क्षेत्र के गांव अकरौली में है। उसका विवाह 20 जनवरी 2014 को हुआ था। ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं थे। वे विवाहिता को मारते-पीटते थे। उसे गर्भ ठहरने पर पति, सास व ननद जबरन दवा खिला देते थे। इस वजह से 27 अक्टूबर 2022 को मनीषा को ससुराल वालों ने पीटकर घर से खदेड़ दिया। वह ससुराल वाले गांव में रोती-बिखलती भटक रही थी। किसी तरह से भतीजे शिवम को सूचना दी तो वह मनीषा को मायके ले आया।थाने में आने वाले सभी प्रकरण पति-पत्नी के आपसी विवाद के ही होते हैं। अधिकांश मामले काउंसिलिंग में निपट जाते हैं लेकिन, कुछ ऐसे प्रकरण होते हैं जिनका निस्तारण समझौता के आधार पर नहीं हो पाता, उनमें मुकदमे लिखने पड़ते हैं। हर रोज औसतन चार-पांच मामले थाने पर आते हैं। - दीपा त्यागी, महिला थाना, थानाध्यक्ष

# कांवड़ यात्रा के चलते शहर के बाहर बनाए तीन अस्थायी बस स्टैंड, जानें रूट डायवर्जन का प्लान

मुरादाबाद- श्रावण मास में कांवड़ियों की भीड़ को देखते हुए रोडवेज प्रबंधन ने परिक्षेत्र की बसों के मार्ग को अस्थाई रूप से डायवर्ट किया है। पूर्व से निर्धारित बसों के स्टॉप और मार्ग बदल दिये गए हैं। दो महीने तक सप्ताह के तीन दिन तक पीतल नगरी और मुरादाबाद डिपो से बसों का संचालन नहीं होगा। रोडवेज प्रबंधन ने बसों के संचालन को शहर से बाहर तीन अस्थायी बस स्टैंड बनाए हैं। इन बस स्टैंड यात्रियों को लेकर बसें अपने निर्धारित मार्गों को प्रस्थान करेंगी। सात से 17 जुलाई और महाशिवरात्रि तक रोडवेज बसों का डिपो से संचालन पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इसके बाद प्रत्येक शुक्रवार की शाम छह बजे से आने वाले सोमवार की दोपहर दो बजे तक रोडवेज बसें रोडवेज डिपो तक नहीं आ सकेंगी। संभल, चंदौसी, अलीगढ़, अनूपशहर, बहजोई, बदायूं आने-जाने वाली बसें प्रशासन द्वारा बनाएं गए अस्थायी बस स्टैंड आजाद नगर (करूला) तक ही आ पाएंगी। काशीपुर, रामपुर मार्ग से अन्य जनपदों के लिए आने जाने वाली बसें प्रेम वंडर लैंड पुल के नीचे और रामपुर दौराहा पर बनाए गए बस स्टैंड से संचालित होंगी। इसके साथ रोडवेज बसों के कुछ स्टॉप भी बदल गए हैं। क्षेत्रीय प्रबंधक परवेज खां ने बताया की इस बीच कांवड़ियों की संख्या बढ़ने पर रोडवेज बसों के संचालन में बदलाव हो सकता है। रोडवेज परिसर में बसों का संचालन करने वाले रोडवेज कर्मचारी भी अस्थायी बस स्टैंड पर सेवाएं देंगे। यात्रियों के लिए पूछताछ केंद्र भी अस्थायी बस स्टैंड पर बनाया जा रजा है। पीतल नगरी व मुरादाबाद डिपो से इन तिथियों में नहीं होगा बसों का संचालन 7-17 जुलाई तक- प्रथम, द्वितीय सोमवार व महाशिवरात्रि पर्व। 21 जुलाई को 18:00 बजे से 24 जुलाई को 16:00 बजे तक - तृतीय सोमवार। 28 जुलाई को 18:00 बजे से 31 जुलाई को 16:00 बजे तक - चतुर्थ सोमवार। चार अगस्त को 18:00 बजे से सात अगस्त को 16:00 बजे तक - पंचम सोमवार। 11 अगस्त को 16:00 बजे से 17 अगस्त को 16:00 बजे तक - षष्ठम सोमवार। 18 अगस्त को 18:00 बजे से 21 अगस्त 16:00 बजे तक - सप्तम सोमवार। 25 अगस्त को 18:00 बजे से 28 अगस्त को 16:00 बजे तक - अष्टम सोमवार। कांवड़ यात्रा के दौरान ऐसे होगा रोडवेज बसों संचालन आजाद नगर (करूला) बस स्टैंड- चन्दौसी, सम्भल, बदायूं ,अलीगढ़, दिल्ली, मेरठ, अमरोहा, बरेली मार्गों की बसों का संचालन। प्रेम वंडर लैंड पुल के नीचे और रामपुर दौराहा बस स्टैंड- धामपुर, बिजनौर, हरिद्वार, देहरादून, मुजफ्फरनगर, रामनगर आदि के लिए रोडवेज बसों का संचालन।

### श्रावण मास से पहले रोडवेज बसों की किल्लत, मारामारी

मुरादाबाद। सावन से पहले ही रोडवेज बसों की किल्लत शुरू हो गई है। उत्तराखंड समेत अन्य जगहों को लंबी दूरी तय करने वाली बसें समय से नहीं आ पा रही हैं। ऐसे में यात्रियों की पूछताछ केंद्र और प्लेट फार्म भीड़ लगनी शुरू हो गई है। घंटों बाद आ रही बसों में सीट के लिए यात्रियों में धक्का मुक्की हो रही है। रविवार सुबह से ही मुरादाबाद और पीतल नगरी डिपो पर यात्रियों की भीड़ रही है। दोनों डिपो पर पूछताछ केंद्रों पर यात्री बसों के आने के बारे में जानकारी करते नजर आए। दो दो घंटे के अंतराल पर आ रही बसों के पीछे यात्री भागते नजर आए। मुरादाबाद डिपो के पूछताछ केंद्र पर बसों को जानकारी दे रहे अशोक कुमार ने बताया कि सावन के आते ही देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार, नजीबाबाद, दिल्ली व पंजाब से आने जाने वाली बसें कम हो गई हैं। इन मार्गों पर अभी से रूट डायवर्जन चल रहा है। दो दिन बाद समस्या और बढ़ेगी।मुरादाबाद। रोडवेज यात्रियों की जेब पर दो महीने दोहरी मार पड़ेगी। एक तो अस्थायी बस स्टैंड से कम सफर में भी पूरा किराया देना पड़ेगा। दूसरे अस्थायी बस स्टैंड तक पहुंचने के लिए यात्रियों को ऑटो रिक्शा आदि का किराया भी वहन करना पड़ेगा। जबकि पहले डबल फाटक पुल की मरम्मत कार्य के चलते बदायूं, संभल, चंदौसी, अनूपशहर, बहजोई, डिबाई तक के किराये में यात्रियों को राहत दी गई थी।


## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

